भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 67 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - रविवार, 24 अगस्त 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4


# पंचायत चुनाव से पहले रालोपा की बड़ी घोषणा, बेनीवाल का भाजपा-कांग्रेस पर तीखा वार

## कहा- 2028 तक दोनों दलों को घर बैठाकर नई ताकत खड़ी करेंगे

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर**

पंचायत और निकाय चुनाव से पहले राजस्थान की सियासत गरमा गई है। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी रालोपा ने प्रदेशभर में कांग्रेस और भाजपा के खिलाफ मोर्चा खोलने का ऐलान किया है। शनिवार को जयपुर में सांसद हनुमान बेनीवाल ने कहा कि अब जनता दोनों बड़ी पार्टियों की असलियत समझ चुकी है और आगामी चुनावों में युवाओं की ताकत से नए विकल्प की राह खुलेगी। बेनीवाल ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और भाजपा नेता डॉ. किरोड़ी लाल मीणा की नजदीकियों पर तंज कसते हुए कहा कि ÷डॉ. मीणा बड़ी मुश्किल से सेट हुए हैं और अब उनका ध्यान सिर्फ मुख्यमंत्री के साथ हवाई यात्राओं तक ही सीमित रह गया है। हम लड़ाई से पीछे नहीं हटते, लेकिन भाजपा और कांग्रेस सिर्फ दिखावा करती हैं। उन्होंने प्रदेश में भर्ती परीक्षाओं के मुद्दे को भी प्रमुखता से उठाया। बेनीवाल ने कहा कि जयपुर में 122 दिन से सब-



इंस्पेक्टर भर्ती अभ्यर्थियों का धरना चल रहा है, लेकिन सरकार चुप्पी साधे हुए है। लोकसभा से लेकर राज्यपाल तक इस विषय को कई बार उठाया गया, मगर अभी तक समाधान नहीं हुआ। वहीं पेपर लीक प्रकरण पर निशाना साधते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि ÷राजस्थान लोक सेवा आयोग का पुनर्गठन भाजपा ने वादा किया था, लेकिन आज तक पूरा नहीं हुआ। चाय-नाश्ते की दुकानों तक कॉपियां चेक हो रही हैं और गाय कॉपियां खा रही हैं, फिर भी सरकार कार्रवाई से बच रही है।रालोपा सांसद ने पूर्व कांग्रेस सरकार पर भी हमला बोला और कहा कि फर्जी दिव्यांग प्रमाणपत्रों के जरिए कई लोगों ने सरकारी नौकरियां हथियाई। अब इस पूरे मामले की जांच होनी चाहिए, लेकिन कांग्रेस और भाजपा दोनों इस पर खामोश हैं। इंडिया गठबंधन के सवाल पर बेनीवाल ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर हम कांग्रेस के साथ हैं, लेकिन राजस्थान में हमारी लड़ाई भाजपा और कांग्रेस दोनों के खिलाफ है। यहां सिर्फ रालोपा ही युवाओं और जनता के असली मुद्दों पर लड़ रही है। झालावाड़ स्कूल प्रकरण को लेकर उन्होंने कांग्रेस को घेरा और कहा कि कांग्रेस मान रही है कि इसे चुनावी मुद्दा बनाकर पंचायत चुनाव जीतेगी, लेकिन इस बार जनता उनके छलावे में नहीं आएगी।भविष्य की रणनीति स्पष्ट करते हुए बेनीवाल ने दावा किया कि पंचायत चुनाव में जनता कांग्रेस और भाजपा दोनों की ÷रैंक निकाल देगी÷ और 2028 तक रालोपा नई ताकत बनकर इन दोनों दलों को घर बैठा देगी। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में अन्य दलों को साथ लेकर बड़ी-बड़ी रैलियां की जाएंगी और जनता के मुद्दों को जोर-शोर से उठाया जाएगा।

# देवनारायण मंदिर से दान पात्र चोरी, ग्रामीणों में आक्रोश

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)।** क्षेत्र के बड़लियास कस्बे स्थित बांडा बाग के देवनारायण मंदिर में शुक्रवार रात अज्ञात चोरों ने दान पात्र को उखाड़कर चुरा लिया। दान पात्र में जमा राशि भी चोरी हो गई।

ग्रामीण गोधु गाड़री ने बताया कि दान पात्र करीब डेढ़ साल पहले खोला गया था और इसे आगामी भादवी छठ पर खोलने की तैयारी थी, लेकिन उससे पहले ही चोरों ने घटना को अंजाम दे दिया।



सूचना मिलने पर बड़लियास थाना पुलिस और दीवान सुनील बेनीवाल मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की । चोरी की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मंदिर परिसर में एकत्र हो गए और रोष व्यक्त किया।

# गोवटा बांध में डूबे युवक की दूसरे दिन भी तलाश रही जारी , रेस्क्यू टीमों को नहीं मिली सफलता



**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़**

गोवटा बांध में शनिवार को दूसरे दिन भी डूबे युवक की तलाश जारी रही, लेकिन देर शाम तक कोई सुराग नहीं लग पाया। सुबह से ही सिविल डिफेंस और एनडीआरएफ टीमों ने रेस्क्यू अभियान चलाया, परंतु सफलता हाथ नहीं लगी। अंधेरा होने के कारण अभियान को रोकना पड़ा। अब रविवार सुबह पुनः खोजबीन शुरू की जाएगी।



पुलिस के अनुसार मांडल क्षेत्र के रघुनाथपुरा निवासी 17 वर्षीय युवक दीपक पुरोहित अपने दोस्तों के साथ बांध पर आया था। इस दौरान हादसा हो जाने से वह गहरे पानी में समा गया। घटना के बाद से प्रशासन व पुलिस लगातार प्रयास कर रहे हैं।

# आसींद में मेडिकल स्टोर में भीषण आग, 27 लाख से अधिक का नुकसान

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद**

कस्बे के एक मेडिकल स्टोर में शनिवार सुबह भीषण आग लग गई, जिससे दुकान में रखी दवाइयां, नकदी और अन्य सामान जलकर खाक हो गए । प्रारंभिक अनुमान के मुताबिक आग से करीब 27 लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। घटना को लेकर व्यापारियों और स्थानीय लोगों में गहरी नाराजगी है। दुकान मालिक प्रभुलाल गुर्जर ने बताया कि वे शुक्रवार रात साढ़े नौ बजे दुकान बंद कर घर चले गए थे।

सुबह करीब साढ़े चार बजे पड़ोसियों ने फोन कर दुकान में आग लगने की सूचना दी। सूचना



पर अग्निशमन दल और पुलिस मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक दुकान में रखी 15 लाख की दवाइयां, 7 लाख का इलेक्ट्रॉनिक व फर्नीचर सामान और करीब 5 लाख रुपये नकद जल चुके थे।


पीड़ित प्रभुलाल ने पुलिस को दी शिकायत में आशंका जताई है कि यह आग साजिश के तहत लगाई गई हो सकती है। उनका कहना है कि सीसीटीवी कैमरों की हार्ड डिस्क की फोरेंसिक जांच से सच्चाई सामने आ सकती है। घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 9 हजार की रिश्वत लेते एएसआई रंगे हाथ गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ चित्तौड़गढ़**

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए चित्तौड़गढ़ जिले के चंदेरिया थाने में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक एएसआई सुभाषचंद्र यादव को 9 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया।

एसीबी अधिकारियों के अनुसार, शिकायतकर्ता ने बताया था कि यादव उसके पुत्र के खिलाफ दर्ज प्रकरण में मदद करने के एवज में रिश्वत मांग रहा है। शिकायत की पुष्टि के बाद एसीबी रेंज उदयपुर के डीआईजी प्रहलाद सिंह कृष्णिया के सुपरविजन और एएसपी विक्रम सिंह के नेतृत्व में ट्रैप कार्रवाई की



गई। कार्रवाई के दौरान एएसआई सुभाषचंद्र यादव परिवादी से 9 हजार रुपये लेते ही दबोच लिया गया। फिलहाल एसीबी टीम आरोपी से पूछताछ कर रही है।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एसीबी स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है।

# 10 हजार का ईनामी गांजा सप्लायर गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

पुलिस थाना बिगोद और जिला विशेष टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 10 हजार रुपये के ईनामी वांछित अपराधी एवं अवैध गांजा सप्लायर को गिरफ्तार किया है ।

बिजोलिया थानाधिकारी लोकपाल सिंह ने बताया कि बीती 2 जनवरी को बिजौलिया थाना पुलिस ने एनएच-27 केसरगंज कट पर नाकाबंदी के दौरान एक ट्रक से 665 किलो 50 ग्राम अवैध गांजा जब्त किया था। मौके से आरोपी भागचन्द लुहार को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया था। बाद में आरोपी संजय और कमलेश को भी गिरफ्तार किया गया, जबकि गांजा मंगवाने वाला भैरूलाल जाट निवासी सांगानेर कॉलोनी, थाना सुभाषनगर, भीलवाड़ा फरार हो गया था। उसकी गिरफ्तारी पर पुलिस ने इनाम घोषित किया था। जिसके बाद पुलिस ने जाट को शुक्रवार को गंगरार, चित्तौड़गढ़ से हिरासत में लिया है । पुलिस टीम में डीएसटी



इंचार्ज राजपाल , आशीष साइबर सेल सहित कालूराम, बनवारी , असलम और घीसुलाल का विशेष योगदान रहा।


'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

# मांडल में बारिश से अंडर ब्रिज बने मुसीबत, कई गांवों का संपर्क टूटा

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडल**

क्षेत्र में इंद्रदेव की मेहरबानी से देर रात से रुक-रुक कर हो रही बारिश ने जहां किसानों के चेहरे खिला दिए, वहीं आमजन के लिए बड़ी परेशानी खड़ी कर दी है। भारतीय रेल के विद्युतिकरण के साथ बनाए गए अंडर ब्रिज इस बारिश में मुसीबत का कारण बन गए हैं। जमीनी स्तर से काफी गहरे होने और पानी निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने के चलते अंडर ब्रिज बरसाती पानी से लबालब भर गए।



## किरखेड़ा और नीमखेड़ा अंडर ब्रिज में जलभराव

किरखेड़ा अंडर ब्रिज में पानी भर जाने से किरखेड़ा, मांडल, गुड्डा, रेल्वे स्टेशन, संतोकपुरा, मेजा और सुरास सहित कई गांवों का मुख्य सड़क मार्ग से संपर्क कट गया है। स्थानीय निवासी लक्ष्मण किर ने बताया कि अंडर ब्रिज में भरे गंदे पानी से गुजरना वाहन चालकों और राहगीरों के लिए भारी मुसीबत बन गया है। दुपहिया वाहन चालकों को खास तौर पर ज्यादा दिक्कत झेलनी पड़ रही है।

इसी तरह नीमखेड़ा अंडर ब्रिज के हालात भी बदतर बने हुए हैं। भेरूलाल खटीक ने कहा कि रेलवे विभाग को पानी निकासी की पुख्ता व्यवस्था करने के लिए तुरंत कदम उठाने चाहिए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

ग्रामीणों का कहना है कि हर साल बारिश के दौरान यही स्थिति बनती है, लेकिन अब तक रेलवे विभाग की ओर से कोई ठोस समाधान नहीं निकाला गया। ग्रामीणों ने प्रशासन और रेलवे से जल्द से जल्द अंडर ब्रिजों में जलभराव की समस्या दूर करने की मांग की है।

# बारिश से विट्ठलपुरा में कच्चा मकान ढहा, परिवार बेघर



**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**

**(रमेश चंद्र डाड)।** सिंगोली चारभुजा क्षेत्र के विट्ठलपुरा गांव में लगातार बारिश कहर बरपा रही है। शनिवार शाम करीब 6 बजे ग्राम पंचायत मोटरो का खेड़ा निवासी भूरालाल जाट का कच्चा मकान अचानक भरभराकर ढह गया।

घटना के समय परिवार की महिला रसोई में भोजन बना रही थी। मकान गिरते ही चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और महिला को सुरक्षित बाहर निकाला। हालांकि घर में रखा गेहूं, राशन, कपड़े और अन्य सामान दबकर व भीगकर पूरी तरह खराब हो गया।


गांव के लोगों ने बताया कि तीन दिन से लगातार हो रही बारिश से कई कच्चे मकानों पर संकट मंडरा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से प्रभावित परिवार को तुरंत सहायता राशि और पुनर्वास दिलाने की मांग की है।

# 32 घंटे तक रिमझिम से झमाझम बरसे बादल, जलाशयों में उमड़ी नई जीवनधारा

**भीलवाड़ा फोकस @ संवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)।** क्षेत्र में इंद्रदेव की मेहरबानी लगातार दूसरे दिन भी बरकरार रही। शुक्रवार अल सुबह शुरू हुई बरसात का सिलसिला शनिवार रात तक थमता-रुकता जारी रहा। करीब 32 घंटे तक कभी रिमझिम तो कभी झमाझम बारिश से जनजीवन प्रभावित हो गया और ग्रामीण घरों में कैद नजर आए।

सवाईपुर कस्बे सहित सोपुरा, सालरिया, ढ़ेलाणा, बड़ला, बनकाखेड़ा, चावंडिया, ककरोलिया माफी, रेड़वास, कुड़ी, बोरखेड़ा, खजीना, खरेड़, पिथास, सोलंकिया का खेड़ा और कांदा सहित दर्जनों गांवों में शुक्रवार सुबह से शनिवार रात तक लगातार बारिश होती रही। शनिवार सुबह करीब 15-20 मिनट तक हुई तेज बारिश से गलियों और सड़कों पर पानी बहने लगा, वहीं खेतों में भी पानी जमा हो गया।



बारिश का असर बाजारों और गलियों में भी दिखा, जहां सन्नाटा पसरा रहा। ग्रामीण चाय की थड़ियों तक पर नजर नहीं आए। मौसम विभाग के अनुसार क्षेत्र में बीते 24 घंटे में 2 इंच से अधिक वर्षा दर्ज की गई। लगातार हो रही बारिश से कोठारी नदी सहित छोटे-बड़े जलाशयों में नई आवक शुरू हो गई है, जिससे किसानों और ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे हैं।

# पिवनिया तालाब की चादर चली, बाजारों में जलभराव से दुकानदार परेशान

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

नगर में बीते दो दिन से जारी बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। शनिवार सुबह से पिवनिया तालाब की चादर चलना शुरू हो गई, जिससे आसपास के निचले इलाकों और बाजारों में पानी भर गया।

बारहठ स्मारक के पास श्रीराम टाकीज के सामने सब्जी मंडी नहीं लग सकी, वहीं अंतरराष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय आश्रम के बाहर लगी दुकानों में भी पानी घुस गया। उधर रावला घाट पर भी चादर चलने से मोहल्लेवासी तालाब में नहाते दिखाई दिए।



स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि शाहपुरा में सिर्फ आधे घंटे की बारिश में ही बाजार जलमग्न हो जाता है, जिससे उनकी दिनभर की ग्राहकी खत्म हो जाती है। शनिवार को भी कई दुकाने पानी भर जाने के कारण बंद रहीं।

# मेहरुकला-सावर रोड फिर बंद, खारी नदी उफान पर





**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**

क्षेत्र में हो रही लगातार बारिश से खारी नदी उफान पर आ गई है। नदी का जलस्तर बढ़ने से प्रशासन ने एहतियातन शनिवार को शाहपुरा गेट से होकर गुजरने वाले मेहरुकला-सावर मार्ग को बंद करवा दिया। इससे आमजन को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। करीब डेढ़ महीने पहले भी इसी मार्ग को तेज बहाव के कारण बंद करना पड़ा था। शनिवार को प्रशासन के निर्देश पर कार्यरत फर्म ने सड़क पर बांस-बल्ली और बैरिकेड लगाकर रास्ता सील कर दिया तथा चेतावनी बोर्ड लगाए, ताकि किसी तरह की अनहोनी न हो। गौरतलब है कि पूर्व में सावर एसडीएम आस्था शर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि मानसून के दौरान नदी का बहाव बढ़ते ही मार्ग को तत्काल बंद किया जाए। बैठक में बीडीओ चिरंजी लाल वर्मा, तहसीलदार भगवती प्रसाद वैष्णव और पीडब्ल्यूडी विभाग के सहायक अभियंता सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे ।

# काछोला में तीन दिन से लगातार बारिश, आमजन बेहाल



**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला**

कस्बे और आसपास के क्षेत्रों में बीते तीन दिनों से जारी बारिश ने आमजन का जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। कस्बे सहित खेत मार्गों और निचले इलाकों में जलभराव होने से लोगों को आवाजाही में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई रास्ते अवरुद्ध हो गए हैं।

तेज बारिश के कारण काछोला-पारोली मार्ग और कंकरोलिया पुलिया पर बनास नदी का बहाव तेज हो गया, जिससे पुलिया पर पानी ओवरफ्लो होकर बह रहा है। खतरे की स्थिति को देखते हुए ग्रामीण लोग अपने घरों का सामान सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट कर रहे हैं।

प्रशासन ने एहतियातन मोर्चा संभाला है। नायब तहसीलदार कैलाश चंद्र मीणा, थाना प्रभारी श्रद्धा पचौरी, गिरदावर प्रकाश मूंदड़ा, पटवारी रामकिशन जाट और पटवारी चंद्रवीर सिंह लगातार क्षेत्र का दौरा कर आमजन को बहाव क्षेत्र और बनास पुलिया की ओर नहीं जाने की हिदायत दे रहे हैं।

# सेठी मन की बात संयोजक मनोनित

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी**

भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा एवं मन की बात जिला संयोजक सीपी जोशी ने कोटड़ी मण्डल में जितेंद्र कुमार सेठी को मन की बात संयोजक नियुक्त किया। सेठी की नियुक्ति पर भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है।






**QUICK BITES**

## कोटड़ी श्याम के जीमण रसोई पर आज से 13 दिन लगा ताला

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी

**राजेन्द्र बबलू पोखरना**



मेंवाड़ के एतिहासिक धाम भगवान श्रीचारभुजानाथ के दरबार में भक्त आगामी 13 दिन तक जीण भोग नहीं लगा पाएंगे। श्रीचारभुजा मन्दिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया ने बताया कि जलझूलन महोत्सव की तैयारयों को लेकर मन्दिर परिसर की सराय में व्यवस्थाओं में लगे ठेकेदारों के सामान आदि रखे होने तथा अनेक प्रकार की तैयारियां की जाने से रविवार से आगामी 5 सितम्बर तक भक्त प्रभू के चरणों में भोग नहीं लगा पाएंगे। उन्होने भक्तों को जलझूलन महोत्सव के बाद ही रसोई कार्यक्रम करने को आग्रह किया है।

## आम मेवाड़ सेन समाज ने प्रहलाद सेन को अध्यक्ष चुना

भीलवाड़ा फोकस @ गुरला



**(सत्यनारायण सेन)** आम मेवाड़ सेन समाज चारों चौखला की वार्षिक बैठक मातृकुंडिया में आयोजित हुई, जिसमें सर्वसम्मति से प्रहलाद सेन सिंदेसर कला को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। समाजजनों ने माला व दुपट्टा पहनाकर उनका स्वागत किया और डीजे के साथ विजय जुलूस निकाला। बैठक में जल्द ही नई कार्यकारिणी की घोषणा करने का निर्णय लिया गया।

प्रहलाद सेन को अध्यक्ष बनाए जाने पर कजोड़ीलाल सेन, श्यामलाल सेन, दिनेश कुमार सेन, सत्यनारायण सेन, हरकलाल सेन सहित कई समाजजनो ने शुभकामनाएं दीं।

समाजजनों ने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में संगठन शिक्षा, रोजगार और सामाजिक एकजुटता के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुएगा।

## तिलस्वा में शनि अमावस्या पर हवन, देश की खुशहाली की कामना

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया



शनि अमावस्या पर तिलस्वा कस्बे में शनिवार को धार्मिक अनुष्ठानों के बीच सामूहिक हवन कार्यक्रम आयोजित हुआ। हवन में क्षेत्रवासियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और देश की खुशहाली, सुख-समृद्धि तथा समाज में शांति की कामना की।

तिलस्वा महादेव मंदिर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष रमेशचंद्र अहीर व सचिव मांगीलाल धाकड़ ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हवन कुंड में आहुति अर्पित की। आचार्यों ने शनि अमावस्या के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस दिन किया गया हवन ग्रहदोष शांति और नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने में विशेष फलदायी होता है।

हवन के उपरांत श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई। इस अवसर पर महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों की विशेष उपस्थिति रही।


भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर?

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com


# जीवा खेड़ा ग्राम पंचायत में 2 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला

**(रमेश चंद्र डाड)।** जीवा खेड़ा ग्राम पंचायत में शनिवार को करीब 2 करोड़ रुपये की लागत से बने विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक गोपाल खंडेलवाल ने कहा कि ग्रामीण विकास के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है और धन की कमी किसी भी स्थिति में नहीं आने दी जाएगी।

इस अवसर पर नवीन पंचायत भवन, सीसी सड़कें, पानी की टंकी, विद्यालय का भव्य प्रवेश द्वार तथा अन्य आधारभूत विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय का गेट, जिसकी लागत लगभग 2 लाख रुपये आई, का



लोकार्पण प्रशासक रुकमा देवी जाट, प्रेमचंद जाट व पूर्व सरपंच शोभा लाल जाट के सहयोग से किया गया। लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता प्रधान करण सिंह बेलवा ने की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास कार्यों में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाएगी और पंचायत क्षेत्र को सर्वांगीण विकास की दिशा में आगे बढ़ाया जाएगा।

इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उप जिला प्रमुख शंकरलाल गुर्जर, डीआर हरिलाल जाट, पंचायत समिति सदस्य दिलीप सिंह, विधानसभा संयोजक अनिल पारीक, उप प्रधान कैलाश सुथार, प्रशासक रुकमा देवी जाट, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेश पाराशर, गोवर्धन वैष्णव, शिवलाल जाट, गोपाल जाट, पंचायत समिति सदस्य युवराज सिंह, केसरी मल, पूर्व सरपंच शोभा लाल जाट, रोशन वैष्णव, जीएसएस अध्यक्ष कैलाश तेली व शिव शर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

मंच संचालन पूर्व सरपंच रमेश शर्मा ने किया।

# कोटड़ी में अमावस्या पर उमड़ा आस्था का सैलाब, भेंटपात्र से निकले 43 लाख रुपये व आभूषण

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी

**(राजेन्द्र बबलू पोखरना)।** शनि अमावस्या पर मेवाड़ के ऐतिहासिक धाम भगवान श्री चारभुजानाथ के दरबार में शनिवार को आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। रिमझिम बारिश के बावजूद हजारों श्रद्धालु प्रभु के दर्शन करने पहुंचे। सुबह पंडितों ने मंत्रोच्चारण के बीच भगवान का दुग्धाभिषेक कर स्वर्णाभूषणों से जड़ित पोषाक धारण कराया। महाआरती के बाद प्रसाद वितरण हुआ। इस दौरान भजन मंडलियों ने चारभुजानाथ व अन्य देवी-देवताओं पर आधारित भजनों से वातावरण भक्तिमय कर दिया।

मंदिर परिसर में रखे भेंटपात्र को ट्रस्ट पदाधिकारियों व प्रशासन की मौजूदगी में खोला गया। गिनती में 43 लाख 57 हजार 153 रुपये नकद, 5 ग्राम 560 मिलीग्राम सोना व 598 ग्राम चांदी के आभूषण प्राप्त हुए।

कोटड़ी के बाजार में भी दिनभर श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। बड़ी संख्या में पदयात्री भी भीलवाड़ा मुख्यालय से डीजे की भजनों की धुन पर नाचते-गाते कोटड़ी पहुंचे और प्रभु के जयकारे लगाए। उधर, शनि अमावस्या के साथ ही कोटड़ी जलझूलन महोत्सव की तैयारियां भी शुरू हो गई हैं।




# श्याम मंदिर काशीपुरी धाम में धूमधाम से मना नंदोत्सव, मटकी फोड़ ने बटोरी तालियां

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

श्री श्याम मंदिर, काशीपुरी धाम में शनिवार को नंदोत्सव बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और भक्ति रस में डूबे रहे।

दोपहर 3 बजे से श्री श्याम महिला मंडल द्वारा भजन संध्या और कीर्तन का आयोजन किया गया। मीडिया प्रभारी पंकज अग्रवाल ने बताया कि इस दौरान पुजारी रूपेंद्र शुक्ला और पंडित रवि ने श्याम बाबा का अलौकिक श्रृंगार किया। पूरा मंदिर परिसर ÷श्याम तेरी बंसी पुकारे राधा नाम÷ और ÷खाटू वाले श्याम तेरा ही आसरा है÷ जैसे भजनों की गूंज से भक्तिमय बना रहा। नंदोत्सव के अवसर पर परंपरागत मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ,





जिसमें नंद और कृष्ण स्वरूप धारण किए बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मटकी फूटने के बाद माखन का वितरण किया गया, जिसे श्रद्धालुओं ने प्रसाद स्वरूप ग्रहण किया। अध्यक्ष सुरेश पोद्दार ने इस मौके पर श्याम बाबा का महत्व बताते हुए कहा कि बाबा कलियुग के सबसे शीघ्र प्रसन्न होने वाले देवता हैं। सच्चे भाव से की गई प्रार्थना अवश्य पूर्ण होती है। कार्यक्रम का समापन सामूहिक आरती और सुख-शांति व मंगलकामना की प्रार्थना के साथ हुआ।

# बाणमाता शक्ति पीठ पर खुले दान पात्र, 7.81 लाख की राशि प्राप्त

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला

**(रमेश चंद्र डाड)।** बाणमाता शक्तिपीठ गोवटा बांध पर भाद्रपद शनि अमावस्या के अवसर पर प्रबंध एवं विकास संस्थान की बैठक अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में शक्तिपीठ के विकास कार्यों और आगामी नवरात्र महोत्सव की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस दौरान मंदिर का दान पात्र खोला गया, जिसमें से 7 लाख 42 हजार 923 रुपए नगद और 38,988 रुपए ऑनलाइन प्राप्त



हुए। कुल मिलाकर 7 लाख 81 हजार 911 रुपए की भेंट राशि एकत्रित हुई। नवरात्र महोत्सव के लिए टेंट और लाइट डेकोरेशन का कार्य 1 लाख 51 हज़ार रुपए में हिरलाल वैष्णव को सौंपा गया।

बैठक में संस्थान के कन्हैयालाल धाकड़, अमित कुमार शर्मा, प्रदीप पोरवाल, शंभूसिंह, देबीलाल धाकड़, अशोक कुमार, मोहनलाल धाकड़, रमेशचंद्र धाकड़, भेरूलाल धाकड़, उम्मेदसिंह, अशोक कुमार, बालूसिंह देवड़ा, बालूलाल धाकड़ सहित कई पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

# कैंसर पीड़िता ने शिव महापुराण कथा के लिए एक लाख रुपये किए समर्पित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

मेवाड़ की धरती पर पहली बार आयोजित होने जा रही विश्वविख्यात पंडित प्रदीप मिश्रा की श्री शिव महापुराण कथा को लेकर शहर में उत्साह चरम पर है। यह आयोजन 9 से 15 सितंबर तक आज़ाद नगर स्थित मेडिसिटी ग्राउंड में होगा।

इसी बीच, एक प्रेरणादायी प्रसंग ने आयोजन समिति और श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। आयोजन समिति के कार्याध्यक्ष राधेश्याम सोमानी ने बताया कि समिति मंत्री बद्रीलाल सोमानी, रामेश्वर इनाणी, दिनेश सेन और रोहित गगरानी कथा के लिए सहयोग जुटाने हेतु विभिन्न परिवारों से संपर्क कर रहे थे। इसी दौरान लांपिया बनेड़ा निवासी नारायण सिंह बल्ला का कॉल आया कि उनकी पत्नी, जो कैंसर पीड़िता हैं, कथा के लिए समर्पण करना चाहती हैं। समिति सदस्य उनके घर पहुँचे, जहाँ परिजनों की उपस्थिति में भंवर कंवर नारायण सिंह बल्ला ने अपने कर कमलों से एक लाख रुपये कथा आयोजन हेतु समर्पित किए। इस अवसर पर समिति पदाधिकारियों ने उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की और उन्हें कथा पांडाल में आने का आमंत्रण भी दिया।



# भारतीय किसान संघ का एक दिवसीय अभ्यास वर्ग सम्पन्न

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

( सांवर वैष्णव )- भारतीय किसान संघ जिला भीलवाड़ा की मांडलगढ़, सवाईपुर और बड़लियास तहसील कार्यकर्ताओं का एक दिवसीय अभ्यास वर्ग त्रिवेणी संगम पर जिला उपाध्यक्ष भैरूलाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई । प्रांत संगठन मंत्री परमानन्द ने मूल संकल्पना, स्थापना एवं संस्थापक श्रद्धेय दत्तोपंत ठेंगड़ी के जीवन पर विस्तार से बताया । प्रांत उपाध्यक्ष सोहनलाल माली ने संगठन की रीति नीति, कार्य पद्धति के बारे में विचार रखे । बीकानेर संभाग संगठन मंत्री हीराराम ने ग्राम समिति की नियमित बैठक और कार्य के विषय में चर्चा की । प्रदेश अफीम आयाम प्रमुख बद्रीलाल जाट ने आन्दोलनात्मक कार्य की चर्चा और भगवान बलराम जयन्ती उत्सव प्रत्येक ग्राम समिति पर धूम धाम से मनाया जाने का आग्रह किया । अभ्यास वर्ग में जिला मंत्री लादूलाल जाट, राजस्व प्रमुख पुष्कर मीणा, विद्युत प्रमुख श्यामलाल खटीक, प्रचार प्रमुख श्यामलाल सुथार, बड़लियास तहसील अध्यक्ष भंवरलाल जाट, सवाईपुर तहसील अध्यक्ष कन्हैयालाल कुम्हार तथा तीनों तहसीलों के तहसील कार्यसमिति सदस्य उपस्थित रहे ।




# त्रिवेणी तीर्थ धाम पर शनि अमावस्या पर कालसर्प दोष व पितृ तर्पण पाठ

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला

(रमेश चंद्र डाड)। बरूंदनी क्षेत्र स्थित त्रिवेणी तीर्थ धाम पर शनिवार को शनि अमावस्या के अवसर पर विशेष धार्मिक आयोजन हुआ। पंडितों ने विश्व शांति और जनकल्याण की कामना के साथ कालसर्प दोष निवारण व पितृ तर्पण पाठ संपन्न कराए। इसके बाद श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम पर गंगा स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

आचार्य जयप्रकाश भट्ट, विजय शास्त्री, देवली राजकुमार, ओमप्रकाश व्यास, शिवप्रकाश भट्ट व पंकज भट्ट आदि ने त्रिवेणी तीर्थ स्थल पर अभिषेक कराया। इस दौरान शिव भक्तों की अपार भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने ÷भोले बाबा की जय÷ के जयकारों के साथ शिवलिंग पर अभिषेक किया।

पूजा-पाठ उपरांत विद्वानों ने शिव श्रृंगार कर महाआरती उतारी और भोग अर्पित कर प्रसाद वितरण किया। साथ ही जलेश्वर महादेव कुंड, महादेव लोहड़ा महादेव सहित अन्य शिव मंदिरों पर भी विशेष पूजा-अर्चना संपन्न हुई।



# युवा व्यसन से दूर रहकर बदल सकते हैं देश का भविष्य - साध्वी कुमुदलताजी






भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

सुभाषनगर श्रीसंघ के तत्वावधान में दिवाकर कमला दरबार में पर्युषण महापर्व के तहत आयोजित धर्मसभा में साध्वी डॉ. कुमुदलताजी म.सा. ने युवाओं को व्यसन और नशे से दूर रहने का संदेश देते हुए कहा कि युवा शक्ति ही देश का भविष्य बदल सकती है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद को प्रेरणास्रोत बताते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति पर गर्व करें और पाश्चात्य संस्कृति के अंधानुकरण से बचें।

धर्मसभा में महासाध्वी महाप्रज्ञाजी म.सा. ने पर्युषण को आत्मशुद्धि का अवसर बताया और प्रेरक भजन प्रस्तुत किया। वास्तुशिल्पी पद्मकीर्तिजी म.सा. ने अतंगडदशा सूत्र का वाचन किया, वहीं विद्याभिलाषी राजकीर्तिजी म.सा. ने कल्पसूत्र का वाचन कराया। इस अवसर पर करीब 700 तपस्वियों का सामूहिक पारणा सुभाषनगर स्थानक में हुआ, जिसका लाभ गुप्त परिवार ने लिया। कार्यक्रम में चातुर्मास समिति व श्रीसंघ पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया।

## QUICK BITES

### पर्युषण महापर्व : दिन में पूजा, रात को भक्ति संध्या

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा





बापूनगर स्थित श्री संभवनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर में पर्युषण महापर्व की आराधना श्रद्धा और भक्ति भाव से हो रही है। सुबह पूजा-अर्चना व आरती के कार्यक्रम हुए, वहीं रात को भक्ति संध्या में भजनों की गूंज से वातावरण धर्ममय हो गया। शनिवार को पक्षाल व केसर पूजा का लाभ नितिनकुमार सिंघवी परिवार ने प्राप्त किया। सुबह आरती का लाभ कर्णावट परिवार, नाकोड़ा भैरवजी व पद्मावती माता की आरती का लाभ चंडीगढ़ निवासी जैन परिवार ने लिया। अंगरचना का लाभ नागोत्रा व विमल भाई परिवार को मिला। शाम की आरती का लाभ पलाश मारू परिवार और भक्ति संध्या का लाभ सुशील रांका व मित्र परिवार ने लिया। शुक्रवार रात भक्ति संध्या में नाहर सिस्टर्स ने 24 तीर्थंकर वंदना सहित भजनों की प्रस्तुति दी।

### गढ़बोर चारभुजा नाथ के श्रृंगार रूप में सजे सांगानेर श्याम

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



। शहर के उपनगर सांगानेर में पंडित द्वारा अमावस्या पर विशेष श्रृंगार दर्शन प्रभु श्री चारभुजा नाथ जी सांगानेर का श्रृंगार किया गया। श्रृंगार गढ़बोर चारभुजाजी के रुप में सजाया गया भक्ति का ऐसा रस चढ़ा की सांगानेर चारभुजा नाथ जी को गड़बोर चारभुजा जी का श्रृंगार रूप दे दिया। दर्शन के लिए आस पास के गांव के लोग भी दर्शन करने आ रहे है।

### बेटी की शादी के लिए देशवाली मदद फाउंडेशन ने दी आर्थिक सहायता

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़



आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की मदद के लिए देशवाली मदद फाउंडेशन संस्थान आगे आया है। संस्था ने एक जरूरतमंद परिवार की बेटी की शादी के लिए 65 हज़ार 751 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की। विवाह 15 सितंबर को संपन्न होगा। संस्थान के सदस्य इकबाल अहमद देशवाली ने बताया कि जब जरूरतमंद परिवार को देशवाली मदद फाउंडेशन राजस्थान के बारे में जानकारी मिली तो उन्होंने सहायता की गुहार की। परिवार की स्थिति का जायजा लेने के बाद संस्था ने तुरंत मदद करने का निर्णय लिया। इस अवसर पर संस्था के सदस्य इकबाल अहमद भुट्टो सेक्रेट्री, देशवाली समाज, जाकिर हुसैन भुट्टो , हाजी शराफत हुसैन, दिलदार मोहम्मद और अकरम आसाम सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### भीलवाड़ा साड़ी डीलर एसोसिएशन का वार्षिकोत्सव 31 अगस्त को

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



साड़ी डीलर एसोसिएशन के वार्षिकोत्सव की तैयारियों को लेकर कार्यकारिणी सदस्यों की विशेष बैठक आयोजित की गई। मीडिया प्रभारी अमित काबरा ने बताया कि बैठक एक निजी संस्थान में हुई, जिसमें अध्यक्ष उत्तम सूरिया और सचिव अशोक काल्या ने आगामी 31 अगस्त, रविवार को दोपहर 12ः30 बजे से रात्रि तक वार्षिकोत्सव को धूमधाम से मनाने की जानकारी दी। कोषाध्यक्ष पंकज पिपाड़ा ने बताया कि वार्षिकोत्सव एक निजी रिसॉर्ट में आयोजित होगा, जिसमें क्रिकेट मैच और अन्य खेलकूद प्रतियोगिताएँ रखी जाएँगी। साथ ही सामूहिक भोज का आयोजन भी होगा। बैठक में पंकज कोगटा, हनुमान जी और प्रितेश भंडारी को भोजन प्रभारी बनाया गया, वहीं रवि काठेड, सिद्धार्थ पानगड़िया और राहुल नाहर को क्रिकेट प्रतियोगिता का प्रभारी नियुक्त किया गया। विभिन्न समितियों का गठन कर सभी सदस्यों को आयोजन से जोड़ने का प्रारूप तय किया गया। बैठक में तेज प्रकाश सूरिया, संपत जैन, अमित सूरिया, प्रितेश भंडारी, विजय पितलिया, नितिन जैन, मनोज अग्रवाल, सोनू अग्रवाल सहित अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।